Bharat Temples

तेरे प्रभु जानते है बात घट घट की,
बजाये जा तू प्यारे हनुमान चुटकी।
तेरे माथे पे है बेटा तलवार लटकी,
बजाये जा तू प्यारे हनुमान चुटकी।।

जहाँ प्रभु है वहाँ चाल किसकी चली,
चाल किसकी चली,
चाल किसकी चली,
तेरे राम जी के आगे दाल किसकी गली,
दाल किसकी गली,
दाल किसकी गली,
तूने जानी नहीं लीला नटखट की,
बजाये जा तू प्यारे हनुमान चुटकी।।

राम नाम रट बोल झटपट,
तेरे काट जायेंगे संकट झटपट।

जो भी आगे आएगा उसे देखा जायेगा,
उसे देखा जायेगा,
उसे देखा जायेगा,
तेरे सामने भगत कोन टिक पायेगा रे,
कोन टिक पायेगा रे,
कोन टिक पायेगा रे,
अरे फिकर ना कर तू फ़ोकट की,
बजाये जा तू प्यारे हनुमान चुटकी।।

राम नाम रट बोल झटपट,
तेरे काट जायेंगे संकट झटपट।

तुझे माताजी ने घर से निकाला तो क्या,
निकाला तो क्या,
निकाला तो क्या,
तेरा थोड़ी देर निकला दिवाला तो क्या,
दिवाला तो क्या,
दिवाला तो क्या,
तू भी दिखला दे जात अपनी मरकट की,
बजाये जा तू प्यारे हनुमान चुटकी।।

राम नाम रट बोल झटपट,
तेरे काट जायेंगे संकट झटपट।

तेरे प्रभु जानते है बात घट घट की,
बजाये जा तू प्यारे हनुमान चुटकी।
तेरे माथे पे है बेटा तलवार लटकी,
बजाये जा तू प्यारे हनुमान चुटकी।।

Source: https://www.bharattemples.com/tere-prabhu-jante-hain-bhajan/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw